एक नजर में

## सनातन धर्म की मजबूती के लिए एक हो



इंदौर. वर्तमान दौर में हमें सनातन धर्म की मजबूती के लिए एकजुट होकर दुष्ट प्रवृत्तियों का मुकाबला वैसे ही करना होगा, जैसा द्वापर युग में भगवान कृष्ण ने किया. भागवत जैसे धर्म ग्रन्थ से ही हमें वह विवेक मिलेगा, जिससे हम सत्य की प्राण प्रतिष्ठा कर धर्म और संस्कृति के मार्ग पर चल सकें. ये दिव्य विचार हैं श्रीधाम वृन्दावन के भागवताचार्य मनीष भाई के, जो उन्होंने एबी रोड, चिड़ियाघर के सामने स्थित माहेश्वरी मांगलिक भवन पर चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ में समापन प्रसंग पर व्यक्त किए. इस अवसर पर आयोजन समिति की ओर से समाजसेवी राजेंद्र प्रसाद केडिया, राधेश्याम अग्रवाल, सुनील केडिया, प्रवीण कुमार केडिया, मनीष अग्रवाल सहित अनेक बंधुओं ने व्यास पीठ का पूजन कर विद्वान वक्ता का सम्मान किया. कथा समापन पर भवन परिसर में भागवतजी की शोभा यात्रा भी निकाली गई, जिसमें केडिया दम्पति ने भागवतजी को नंगे पैर मस्तक पर धारण किया. इसके पूर्व कथा में कृष्ण-सुदामा मैत्री का उत्सव भी धूमधाम से मनाया गया.

## हंसदास मठ पर अनुष्ठानों की पूर्णाहुति



इंदौर. एयरपोर्ट रोड, पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में गत 16 मई से चल रहे 108 भागवत के मूल पारायण सहित विभिन्न दिव्य अनुष्ठानों की पूर्णाहुति सोमवार को सोमवती अमावस्या के संयोग पर हंसपीठाधीश्वर श्रीमहंत रामचरणदास महाराज के सानिध्य में सोल्लास सम्पन्न हुई. इस अवसर पर अनुष्ठान में शामिल आचार्य पं. राजेश शास्त्री सहित सभी विद्वानों का सम्मान कर भागवतजी का पूजन भी किया गया. संध्या को हुई महाआरती में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर परिवार, समाज एवं राष्ट्र में सुख, शांति और सद्भाव के लिए प्रार्थना की. मठ के महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज ने बताया कि पुरुषोत्तम माह के उपलक्ष्य में चल रहे विभिन्न अनुष्ठानों में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ शामिल होकर अनेक कार्यक्रमों में पुण्य लाभ उठाया. सैकड़ों भक्तों ने सोमवार को सुबह मठ पहुंचकर स्वामी श्रीमहंत रामचरण दास महाराज का सम्मान कर भागवत पारायण कर रहे सभी आचार्यों एवं भागवतजी का भी पूजन किया. भगवान रणछोड़जी के विशेष श्रृंगार के दर्शनार्थ बड़ी संख्या में भक्तों ने आकर विभिन्न देवालयों में पूजा अर्चना की.

## केंद्रीय मंत्री ने किया पौधारोपण



इंदौर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष विश्वास, विकास और जनकल्याण के अंतर्गत केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी यादव ने पंचकुइया राम मंदिर में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, सांसद शंकर लालवानी, राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार, नगर प्रभारी राजेश सोलंकी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, राजो मालवीय के साथ शिवाजी का पंचामृत अभिषेक व पूजा अर्चना कर स्वच्छता अभियान चलाया. इसके पश्चात मंदिर प्रांगण में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया. मंदिर प्रांगण में स्थित गौ शाला में गौ सेवा और पूजा अर्चना कर 1008 रामगोपालदास महाराज का आशीर्वाद लिया. विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत वरिष्ठ नेता पूर्व राज्यसभा सांसद व जनसंघ नारायण केसरी के निवास पर पहुंचकर उनका अभिनंदन कर आशीर्वाद लिया, श्री केसरी ने जनसंघ और भाजपा के प्रारंभिक दौर कुछ रोचक किस्से बताएं.

## एनसीसी कैडेट्स ने किया योगाभ्यास

इंदौर. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में चामेली देवी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस एवं 1 एम.पी. गर्ल्स बटालियन एनसीसी, इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में भव्य योगोत्सव का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में 01 एम.पी. गर्ल्स बटालियन के लगभग 700 एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए सामूहिक योग सत्र में भाग लिया. क्रीड़ा अधिकारी जमिल खान ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में भारत सरकार के मेरा युवा भारत तथा पर्यटन मंत्रालय के प्रतिनिधियों की भी विशेष सहभागिता रही. कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में संस्था की कार्यकारी निदेशक अनुश्री अग्रवाल, 1 एम.पी. गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल टी. एन. सिंह, मेरा युवा भारत के निदेशक श्री पंकज गोस्वामी तथा पर्यटन मंत्रालय से शिवम सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ. मनीष श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण देते हुए योग को स्वस्थ जीवनशैली का आधार बताते हुए युवाओं को नियमित योग अपनाने के लिए प्रेरित किया. उपस्थित अतिथियों ने भी योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी बताया. कैडेट्स ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया.



# मोबाइल फॉरेंसिक वैन से अपराध जांच को मिलेगा तकनीकी संबल

- चारों जोन के लिए 4 अत्याधुनिक वैन
- घटनास्थल पर ही साक्ष्य संकलन व विश्लेषण होगा संभव



नव भारत न्यूज

इंदौर. नगरीय इंदौर में अपराध अनुसंधान को अधिक वैज्ञानिक, पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए पुलिस कमिश्नरेट को चार अत्याधुनिक मोबाइल फॉरेंसिक वैन मिली हैं. पुलिस कमिश्नर ने सोमवार को इन वैन का निरीक्षण कर इनके प्रभावी उपयोग के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने वैन में उपलब्ध आधुनिक उपकरणों और संसाधनों की विस्तृत जानकारी ली तथा घटनास्थल से साक्ष्य के संकलन, संरक्षण और विश्लेषण में इनके बेहतर उपयोग पर अधिकारियों से चर्चा की. उन्होंने स्पष्ट किया कि इन वैन की मदद से मौके पर ही वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य जुटाने और जांच को मजबूत करने में मदद मिलेगी. नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी, गांधीनगर द्वारा डिजाइन की गई ये वैन अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित हैं. इनमें स्टीरियो माइक्रोस्कोप, वेइंग स्केल, डीएसएलआर कैमरा, मिनी रेफ्रिजरेटर, एलईडी स्क्रीन, थर्मल प्रिंटर और बॉडी-वियर कैमरे शामिल हैं. साथ ही अपराध स्थल सुरक्षा किट, रक्त व बाल पहचान किट, हाई इंटेंसिटी फॉरेंसिक लाइट, फुटप्रिंट व टायर मार्क कास्टिंग किट, आगजनी जांच किट, साक्ष्य पैकिंग किट, नशीले पदार्थों की जांच किट, विस्फोटक डिटेक्शन किट और डीएनए सैंपल कलेक्शन किट भी उपलब्ध कराई हैं. पुलिस कमिश्नर ने कहा कि आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक जांच पद्धतियों के उपयोग से पुलिस कार्यप्रणाली अधिक परिणाममुखी बनती है. इन वैन की उपलब्धता से घटनास्थल पर तुरंत विशेषज्ञ सहायता मिल सकेगी, जिससे साक्ष्यों का सुरक्षित संरक्षण और अपराधों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निराकरण में मदद मिलेगी.

**गंभीर मामलों में अधिकतम उपयोग करें**

उन्होंने निर्देश दिए कि गंभीर और संवेदनशील मामलों में इन वैन का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि साक्ष्यों के वैज्ञानिक परीक्षण के आधार पर मजबूत विवेचना की जा सके. इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध/मुख्यालय) आर.के. सिंह, अन्य पुलिस उपायुक्त एवं सभी जोन के वैज्ञानिक अधिकारी उपस्थित रहे. अधिकारियों ने वैन की कार्यप्रणाली को समझते हुए अपराध अनुसंधान को और सुदृढ़ बनाने के लिए इनके प्रभावी उपयोग की प्रतिबद्धता जताई.



# रेत मंडी में औचक निरीक्षण, 3 डंपर जब्त

**इंदौर. कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार अनुभाग बिचौली क्षेत्र में राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा देवगुराड़िया रोड स्थित रेत मंडी में औचक निरीक्षण एवं कार्रवाई की गई.**

कार्रवाई का नेतृत्व एसडीएम श्री अजय शुक्ला ने किया. इस दौरान तहसीलदार अनिल पटेल, जिला खनिज अधिकारी जयदीप नामदेव, थाना प्रभारी श्री करणी सिंह, खनिज निरीक्षक सुश्री स्वाति, आलोक अग्रवाल सहित राजस्व निरीक्षकों एवं पटवारियों की टीम उपस्थित रही. निरीक्षण के दौरान सड़क किनारे खड़े डंपरों द्वारा यातायात बाधित किया जाना तथा कुछ वाहनों में ओवरलोडिंग पाई गई. इस पर संयुक्त टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए अब तक 3 डंपरों को जब्त कर खुडैल थाना परिसर में खड़ा कराया गया है. बताया गया कि अन्य 7 वाहनों के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है. प्रशासन द्वारा अवैध परिवहन, ओवरलोडिंग तथा यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले वाहनों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रखी जाएगी.

# डिफेंस मन्युफेक्चरिंग में आत्मनिर्भरता के लिए 16 जून को एमपीआईडीसी इंदौर में वर्कशॉप

इंदौर. मध्यप्रदेश इंडस्ट्रीयल डेव्हलपमेंट कॉर्पोरेशन एवं डिपार्टमेंट ऑफ डिफेंस प्रोडक्शन द्वारा देश को रक्षा उत्पादों के विनिर्माण एवं इसमें लॉर्ज इकाईयों के साथ-साथ एम.एस.एम.ई., स्टार्टअप, शिक्षा संस्थान, औद्योगिक संगठन आदि की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु 16 जून, दोपहर 3 बजे एम.पी.आई.डी.सी., क्षेत्रीय कार्यालय, प्रथम तल, अतुल्य आईटी पार्क, इंदौर में रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारी ऐसे उद्योगों से संवाद करेंगे जो या तो रक्षा विनिर्माण में कार्यरत है अथवा इस प्रकार के उत्पादों में कार्यरत है जिनका रक्षा संबंधी कार्यों में उपयोग किया जा सकता है. उल्लेखनीय है कि इस कार्यशाला में प्रारंपरिक विनिर्माण के अलावा नवीन नवाचार, टेक्नोलॉजी तथा पुरानी पद्धति को बदलने हेतु सुझाव आमंत्रित किए जायेंगे साथ ही ऐसी इकाईयाँ सीधे डिपार्टमेंट ऑफ डिफेंस प्रोडक्शन से जुड़ सकेंगी एवं प्रदेश में विनिर्माण के नए अवसर उत्पन्न होंगे जिससे निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहित होगा.

इच्छुक उद्योग, उद्यमी, स्टार्ट-प्स एवं संस्थान कार्यक्रम में भाग लेने हेतु इनवेस्ट एमपी पोर्टल पर पंजीयन कर सकते हैं अथवा इस क्यू.आर. कोड के माध्यम से भी पंजीयन किया जा सकता है.

# क्रिप्टो-फॉरेक्स में दोगुना मुनाफे का झांसा देकर ढाई करोड़ की ठगी

- महिला गिरफ्तार, गिरोह के कई सदस्य फरार

नव भारत न्यूज

**इंदौर. क्राइम ब्रांच ने क्रिप्टो करेंसी और फॉरेक्स ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर करोड़ों रुपए की ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है. पुलिस ने मामले में एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि चंडीगढ़, बेंगलुरु और दिल्ली से जुड़े अन्य आरोपी अभी फरार हैं. गिरोह इंदौर की होटलों में सेमिनार और मीटिंग कर लोगों को झांसे में लेता था.**

डीसीपी राजेश त्रिपाठी ने बताया कि हरप्रीत कौर उर्फ मोना निवासी विष्णुपुरी कॉलोनी, जसवंत सिंह उर्फ जस्सी निवासी चंडीगढ़, अनिरुद्ध दलवी निवासी बेंगलुरु, मुकेश तायडे और जोसेफ निवासी भोपाल के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है. आरोपियों ने लोगों को 100 दिनों में रकम दोगुनी करने का लालच देकर निवेश कराया और बाद में पैसा वापस नहीं किया. क्राइम ब्रांच को जिया पति सतीश वाधवानी समेत कई निवेशकों ने शिकायत दी. पीड़ितों ने बताया कि शुरुआत में 2 प्रतिशत मुनाफे का भरोसा दिलाया और 100 दिन में रकम दोगुनी करने का दावा किया, लेकिन बाद में न तो मुनाफा मिला और न ही मूल रकम लौटाई गई.

जांच में सामने आया कि आरोपियों ने ए स्क्वेयर वर्ल्ड ग्लोबल कंसल्टेंसी नाम से कथित यूएस बेस्ड कंपनी बनाकर फर्जीवाड़ा किया. आरोपी हरप्रीत कौर ने अपने और कंपनी के खातों में निवेशकों से करीब ढाई करोड़ रुपए जमा कराए. पीड़िता जिया वाधवानी ने पुलिस को बताया कि उसकी पहचान हरप्रीत कौर से किटी पार्टी में हुई थी. इसके बाद उसे भंवरकुआ स्थित होटल में जसवंत सिंह और अनिरुद्ध से मिलवाया, जहां निवेश का प्लान समझाया. बाद में होटल रेडिसन में बड़ा सेमिनार आयोजित कर करीब 200 लोगों को जोड़ा और महंगे गिफ्ट व भारी मुनाफे का लालच देकर निवेश कराया.

पीड़ितों ने पुलिस को यह भी बताया कि मार्च 2025 के बाद किसी को भी भुगतान नहीं किया. पूछताछ करने पर आरोपियों ने वेबसाइट अपडेट और तकनीकी कारणों का बहाना बनाकर टालमटोल की. दबाव बढ़ने पर ऑनलाइन मीटिंग में जल्द भुगतान का आश्वासन दिया, लेकिन बाद में साफ कह दिया गया कि कंपनी डूब चुकी है और पैसा नहीं मिलेगा. इसके बाद सभी आरोपी संपर्क से बाहर हो गए. मामले में क्राइम ब्रांच ने हरप्रीत कौर को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है. पुलिस अब बैंक खातों, लेन-देन और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जांच कर रही है.

# एमवाय अस्पताल में पहली बार जटिल एंटेरो यूरेथ्रोप्लास्टी

- सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त यूरेथ्रा का सफल पुनर्निर्माण
- सरकारी अस्पताल में प्रदेश का पहला केस, 2.5 साल से परेशान युवक को मिली राहत



नव भारत न्यूज

**इंदौर. एमवाय अस्पताल में डॉक्टरों ने पहली बार जटिल एंटेरो यूरेथ्रोप्लास्टी सर्जरी कर एक युवक की पूरी तरह क्षतिग्रस्त यूरेथ्रा का सफल पुनर्निर्माण किया है. सड़क दुर्घटना में करीब ढाई साल पहले यूरेथ्रा पूरी तरह नष्ट हो जाने के बाद युवक कई जगह इलाज करा चुका था, लेकिन उसे सामान्य तरीके से पेशाब करने में सफलता नहीं मिल पाई थी और वह एसपीसी के सहारे जीवन जी रहा था.**

एमवाय अस्पताल में जांच के बाद विशेषज्ञों ने एंटेरो यूरेथ्रोप्लास्टी तकनीक से सर्जरी करने का निर्णय लिया. यह अत्यंत जटिल और विशेष सर्जरी होती है, जिसमें आंत के एक हिस्से (आमतौर पर सिग्मॉइड कोलन या इलियम) को उसकी रक्त आपूर्ति के साथ लेकर यूरेथ्रा के क्षतिग्रस्त हिस्से की जगह प्रत्यारोपित किया जाता है, ताकि लंबा गैप भरकर सामान्य मार्ग बनाया जा सके. डॉक्टरों के अनुसार सर्जरी सफल रही और मरीज अब स्वस्थ होकर सामान्य स्थिति में है. यह प्रक्रिया एमवाय अस्पताल ही नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश के किसी भी सरकारी मेडिकल कॉलेज में पहली बार की गई है. डीन डॉ. अरविंद घांगोरिया के मार्गदर्शन में यूरोलॉजिस्ट डॉ. वैभव श्रीवास्तव ने एनेस्थीसिया विभाग की एचओडी डॉ. शालिनी जैन की टीम के सहयोग से यह सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न की. विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह की सर्जरी से गंभीर यूरेथ्रा क्षति वाले मरीजों को नई उम्मीद मिलेगी और उन्हें बड़े महानगरों का रुख नहीं करना पड़ेगा.

# पुलिस ने 50 आदतन अपराधियों को बुलाकर कराई काउंसलिंग

- मेरा मोहल्ला, नो हो हल्ला अभियान
- अपराध से दूर रहने का दिलाया संकल्प



**इंदौर.** जोन-3 पुलिस ने सामुदायिक पुलिसिंग के तहत मेरा मोहल्ला, नो हो हल्ला अभियान चलाकर 50 आदतन अपराधियों को थाने बुलाया. यहां सभी की काउंसलिंग की गई और मोहल्ले को अपराध मुक्त रखने का संकल्प दिलाया.

थाना तुकोगंज में आयोजित सत्र में तुकोगंज, कोतवाली और एमजी रोड थाना क्षेत्र के गुंडा तत्व, निगरानी बदमाश और आदतन अपराधी शामिल हुए. डीसीपी जोन 3 अभिषेक रंजन, एसीपी विनोद दीक्षित और टीआई जितेंद्र चौहान ने सीधे तौर पर अपराध के नुकसान गिनाए. उन्हें बताया कि अपराध के बाद परिवार टूटता है, समाज में बदनामी होती है और कानूनी परेशानियां जीवनभर पीछा नहीं छोड़तीं. सत्र के दौरान कई अपराधियों ने अपने अनुभव साझा किए और अपराध की राह पर चलने से हुई परेशानी को खुलकर बताया. पुलिस अधिकारियों ने समझाइश दी कि अगर वाकई सुधार चाहते हैं तो अपने मोहल्ले को सुरक्षित रखें और युवाओं को गलत रास्ते पर जाने से रोकें. इसके बाद सभी 50 अपराधियों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे खुद अपराध से दूर रहेंगे और क्षेत्र में किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देंगे. मेरा मोहल्ला, नो हो हल्ला का नारा देते हुए उन्होंने इलाके में शांति बनाए रखने का भरोसा दिलाया. कार्रवाई के तहत पुलिस ने सभी आदतन अपराधियों के डोजियर अपडेट कराए, रेड और येलो नोटिस तामील कराए गए. साथ ही बीट प्रभारियों को लगातार ऐसे लोगों से संपर्क में रहकर सामुदायिक संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए. पुलिस के इस सत्र को पुलिस की पाठशाला का नया रूप माना जा रहा है, जहां सख्ती के साथ साथ सुधार और समाज से जोड़ने पर जोर दिया जा रहा है.

# विकास, सुशासन और जनकल्याण सरकार के काम करने का आधार

- भाजपा द्वारा विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन



**इंदौर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा द्वारा जाल सभागृह में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया.**

सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सबसे अधिक समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में रहने का गौरव हासिल किया है. भाजपा कार्यकर्ता होने के नाते हम सब उनकी इस उपलब्धियों पर गौरवांवित है कि हमें ऐसे नेता का नेतृत्व मिला है, जिन्हें पूरे विश्व में सम्मान प्राप्त हुआ है. उन्होंने कहा कि इंदौर का नाम आता है तो इंदौर की स्वच्छता की बात होती है. इंदौर देश की सबसे स्वच्छ नगरी भी है. देश के दिल में इंदौर बसता है. उन्होंने कहा कि मोदी जी ने मुश्किल परिस्थियों में भी देश को आगे बढ़ाने का काम किया है. विकास के साथ साथ गरीब, युवा, किसान और नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी एतिहासिक कार्य हुआ है. हमारी सरकार के काम करने का आधार विकास, सेवा सुशासन और जनकल्याण है. मोदी जी ने 2047 तक विकसित भारत का संकल्प लिया है, हम सब उनके इस संकल्प में सहभागी बन कर देश को आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत बनाने में अपना सहयोग दे. मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा 2014 के पहले का भारत और 2014 के बाद का भारत इसकी तुलना कीजिए. 2014 के पहले का भारत विश्व मंच पर कहां था. 2014 के बाद मोदी जी के नेतृत्व में इस्लामिक राष्ट्र भी अब मोदी जी के साथ है और आज पाकिस्तान अकेला खड़ा है, ये हमारे नेतृत्व की उपलब्धि है. अब हम निर्यात करने लगे है. सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है, तो हमारा इंदौर का विकास भी तेजी से आगे बढ़ रहा है. नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के करिश्माई नेतृत्व के फलस्वरुप आज भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बना है.

इस अवसर पर मंत्री कैलाश तुलसीराम सिलावट, नगर प्रभारी राजेश सोलंकी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, मालिनी गौड, महेंद्र हार्डिया, मधु वर्मा, मनोज पटेल, सुदर्शन गुप्ता, व्यापारी प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक धीरज खण्डेलवाल, टोली संयोजक हरप्रीत सिंह बक्शी आदि उपस्थित थे. संचालन मनीष बिशानी ने आभार विशाल गिदवानी ने माना.

# इंदौर में नीट 2026 पुन: परीक्षा 21 को

- सुव्यवस्थित संचालन के लिए व्यापक इंतजाम

**इंदौर.** इंदौर में रविवार 21 जून को नीट (यूजी) 2026 पुन: परीक्षा आयोजित की जायेगी। परीक्षा के सफल एवं सुचारू आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं. नीट परीक्षा के लिए इंदौर जिले में कुल 57 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 23,089 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम सवा 5 बजे तक आयोजित होगी.

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में परीक्षा के सफल एवं सुचारू और सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर व्यापक इंतजाम किये जा रहे हैं. कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने निर्देश दिए है कि ऐसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए जिससे विद्यार्थियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े. परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे. कलेक्टर वर्मा ने यह भी कहा है कि परीक्षा की गोपनीयता एवं सुचिता का पूरा ध्यान रखा जाए. गड़बड़ी करने वाले या अपवाह फैलाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी. जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचने के लिये एआईसीटीएसएल की बसें उपलब्ध कराई जायेंगी. सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा। यातायात की सुगमता के लिये भी विशेष व्यवस्था की गई है. सभी परीक्षा केन्द्रों पर मेडिकल स्टॉफ एवं पांच केन्द्रों पर एक एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई है। दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिये व्हीलचेयर आदि की व्यवस्था रहेगी. परीक्षा केन्द्रों पर जनरेटर्स की पर्याप्त व्यवस्था की गई है. परीक्षार्थियों के अभिभावकों के लिये

# नि :शुल्क ब्लड कॉल सेंटर पर 302 रक्तदाताओं का सम्मान

- रक्तदान को लेकर व्याप्त भ्रांतियों का निवारण किया



**इंदौर,** विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में देश के पहले नि:शुल्क ब्लड कॉल सेंटर पर जिन 302 रक्तदाताओं का सम्मान किया गया उनमें शिर्डी से आए रवीन्द्र अष्टेकर भी शामिल थे जिनके रक्त का ग्रुप ओ+ बॉम्बे ग्रुप है, जो 10 लाख लोगों में से किसी एक का होता है. अष्टेकर ने इंदौर स्थित ब्लड कॉल सेंटर पहुंचकर रक्तदान भी किया वहीं समारोह में जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष एवं कलेक्टर शिवम वर्मा एवं कॉल सेंटर के सचालक अशोक नायक की ओर से चेतन शर्मा, प्रवीण पाटीदार और हमरीश विश्वकर्मा जैसे तीन नेत्रहीनों और दो दिव्यान्गों का भी सम्मान किया गया.

एमओजी लाइन्स, गंगवाल बस स्टैंड के पास स्थित जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से संचालित इस निशुल्क ब्लड कॉल सेंटर पर आयोजित इस समारोह में जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट के प्रतिनिधि अशोक गोयल, साईं भक्त हरि अग्रवाल, डॉ. आयुषी देशमुख, ह्रदयेश दीक्षित, अतुल मलिकराम, मोतीलाल दायमा, पं. योगेन्द्र महंत, समाजसेवी वीरेन्द्र गुप्ता हाईलिंक, दिव्यांश दवे, राजकुमार साबू एवं संतोष मीणा सहित अनेक विशिष्टजनों ने कॉल सेंटर के संचालक अशोक नायक के साथ उन 251 नियमित रक्तदाताओं के साथ ही 51 महिला रक्तदाताओं का भी सम्मान किया। दामोदर युवा संगठन के पदाधिकारी भी इस अवसर पर मौजूद थे।

कॉल सेंटर के संचालक अशोक नायक ने इस अवसर पर बताया कि ओ+ बॉम्बे ग्रुप एक दुर्लभ रक्त ग्रुप है जो 10 लाख लोगों में से किसी एक का होता है। संयोगवश शिर्डी के रवीन्द्र अष्टेकर का यही ग्रुप है. उन्होंने रक्तदान को लेकर व्याप्त भ्रांतियों का भी समाधान किया और कहा कि रक्तदान पूरी तरह सुरक्षित प्रक्रिया है. नायक ने बताया कि उनके कॉल सेंटर द्वारा अब तक 3 लाख से अधिक लोगों को उनकी जरूरत का ब्लड उपलब्ध कराया गया है। इस अवसर पर मंत्री प्रतिनिधि अशोक गोयल ने उपस्थित सभी लोगों को संकल्प दिलाया कि वे दूसरों को जीवनदान देने का पुण्य लाभ उठाने के लिए अपने जीवन में अधिक से अधिक रक्तदान करें.

एक नजर में | योग सप्ताह पर जेल में दिखा उत्साह, बंदियों ने किया ध्यान और प्राणायाम

# केंद्रीय जेल में गूंजा 'योग का मंत्र', बंदियों ने साधा तन-मन का संतुलन

**इंदौर.** सोमवार सुबह केंद्रीय जेल परिसर का नजारा आम दिनों से बिल्कुल अलग था. हर ओर योग की लय गूंज रही थी और सैकड़ों बंदी एक साथ अनुशासन में मैट पर बैठे नजर आए. प्रशिक्षकों के निर्देश पर प्राणायाम, आसन और ध्यान करते हुए बंदी पूरी तरह योग में लीन थे.

शांत, व्यवस्थित और सकारात्मक ऊर्जा से भरे इस माहौल ने जेल परिसर को मानो एक बड़े योग स्थल में तब्दील कर दिया. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे राज्यव्यापी योग अभियान के तहत केंद्रीय जेल इंदौर में विशेष योग सत्र आयोजित किया गया है. कार्यक्रम में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विवेक रुसिया वर्चुअल माध्यम से जुड़े, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर उपस्थित रहे. कार्यक्रम की अध्यक्षता जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं के महानिदेशक डॉ. वरुण कपूर ने की. इस दौरान जेल अधीक्षक डॉ. अलका सोनकर, जेल स्टाफ और अन्य अधिकारी मौजूद रहे. योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में आयोजित सत्र में बंदियों को शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक शांति का लाभ मिला. प्रदेश के सभी जिलों को भी इस कार्यक्रम से वर्चुअल माध्यम से जोड़ा गया. न्यायमूर्ति अभ्यंकर ने जेल में नियमित रूप से चल रहे योग कार्यक्रम की सराहना की. वहीं महानिदेशक डॉ. कपूर ने योग को जीवन में अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया.



**सुधार में अहम भूमिका निभाता है योग**

जेल अधीक्षक डॉ. सोनकर ने कहा कि योग बंदियों के सुधार और सकारात्मक जीवनशैली विकसित करने में अहम भूमिका निभाता है. उन्होंने सभी अतिथियों और प्रशिक्षकों का आभार भी व्यक्त किया. कार्यक्रम में जेल उप अधीक्षक संतोष कुमार लड़िया, इंदर सिंह नागर, भूपेंद्र रघुवंशी, कल्याण अधिकारी अभिषेक डांगी सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा. सप्ताह भर चलने वाले इस योग अभियान से बंदियों के पुनर्वास को भी बल मिलेगा